हरिभूमि

# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, गुरुवार 13 नवंबर 2025

06 नवांकुर विद्यापीठ सिर्फ शाला नहीं एक घराना है...



07 नपा द्वारा की जा रही अतिक्रमण की कार्रवाई...





## विदिशा मंडी भाव

| | | |
|---|---|---|
| शरबती | 2600 | 3170 |
| गेहूं 1544 | 2000 | 2760 |
| चना | 4500 | 5625 |
| मसूर | 5800 | 6676 |
| सोयाबीन | 2801 | 5480 |
| सरसों | 6950 | 7800 |
| धान | 1000 | 3131 |
| मूंग | 3825 | 5572 |
| तेवड़ा | 2900 | 3101 |
| मक्का | 1137 | 1700 |
| धनिया | 7301 | 7301 |
| तुअर | 0000 | 0000 |
| बटरा | 2700 | 3360 |

## खबर संक्षेप

### सहायक पैनल के लिए आवेदन 30 नवंबर तक

**विदिशा।** पास्को अधिनियम की धाराओं के अंतर्गत सहायक व्यक्ति के रूप में कार्य करने इच्छुक व्यक्तियों एवं संगठनों से आवेदन 30 नवंबर तक आमंत्रित किए गए हैं। ये सहायक व्यक्ति यौन उत्पीड़न के शिकार बच्चों के बयान दर्ज कराने, न्यायिक प्रक्रिया में सहयोग, परामर्श एवं सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने में मदद करेंगे। चयनित सहायक व्यक्तियों को प्रति प्रकरण प्रतिदिन 500 का मानदेय दिया जाएगा। आवेदन महिला एवं बाल विकास विभाग विदिशा कार्यालय में जमा किए जा सकते हैं। जानकारी विभाग की वेबसाइट [www.mpwcdmis.gov.in](http://www.mpwcdmis.gov.in) के निर्देश मेन्यू में उपलब्ध है।

### 2.74 लाख लाड़ली बहनों के खातों में भेजे 1500 रु

**विदिशा।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सिवनी से सिंगल क्लिक के माध्यम से लाडली बहना योजना की महिलाओं के खातों में नवंबर माह की 1500 की आर्थिक सहायता राशि अंतरित की। विदिशा जिले की 2.74 लाख लाडली बहनों को कुल 40.40 करोड़ की राशि मिली। एनआईसी कक्ष में कार्यक्रम का प्रसारण जिला पंचायत अध्यक्ष गीता कैलाश रघुवंशी, अपर कलेक्टर अनिल डामोर एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी विनीता लोढ़ा की उपस्थिति में देखा गया।

### सीएम रिफिल सब्सिडी राशि का वितरण करेंगे

**विदिशा।** लाड़ली बहनों को राहत देने राज्य सरकार 14 नवंबर को गैस रिफिल पर सब्सिडी राशि वितरित करेगी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 10.30 बजे सिंगल क्लिक से पात्र महिलाओं के खातों में राशि अंतरित करेंगे। जिले की 72,932 महिलाएं, जिनमें उज्ज्वला योजना की 68,882 एवं गैर श्रेणी की 4,050 लाडली बहनें शामिल हैं, को लगभग 99.73 लाख की सब्सिडी राशि दी जाएगी।

## शहर में रुके हुए विकास को शुरू कराने की मांग को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू

# सीएमओ की अनदेखी और अधिकारियों की मनमानी से नाराज पार्षद धरने पर बैठे

विकास कार्य प्रभावित करने का लगाया आरोप, कहा: हमें मिल रहीं धमकियां

***नगरपालिका में एक बार फिर राजनीतिक विवाद गहराने लगा है। भाजपा की नगरपालिका में अब भाजपा के ही पार्षद अनिश्चितकालीन धरने पर बैठ गए हैं। शहर में रुके हुए विकास कार्यों, बढ़ते भ्रष्टाचार और अधिकारियों की मनमानी के विरोध में पार्षदों ने नीमताल चौराहे पर धरना शुरू किया।***

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

नगरपालिका में पार्षदों की अनदेखी और नपा के अधिकारियों पर मनमानी का आरोप लगाते हुए भाजपा के ही कई पार्षद बुधवार से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर बैठ गए हैं। हड़ताल की अगुवाई पार्षद पति धर्मेंद्र सक्सेना और पार्षद जमना कुशवाह कर रहे हैं। धरने में भाजपा और निर्दलीय 12 पार्षद शामिल हुए, जबकि कांग्रेस पार्षदों ने दूरी बनाए रखी।

पार्षद पति धर्मेंद्र सक्सेना ने कहा कि नगरपालिका में अब बिना पैसे के कोई काम नहीं होता। 1200 रुपए सालाना कचरा टैक्स वसूला जा रहा है, लेकिन कई वार्डों में कचरा गाड़ी जाती ही नहीं। उन्होंने आरोप लगाया कि नेताओं ने ही विकास कार्यों को रोक रखा है, जिससे शहर की जनता परेशान है। सक्सेना ने कहा कि अध्यक्ष को घर बैठा दिया गया है और उपाध्यक्ष को भी कामकाज से दूर रखा जा रहा है। पार्षदों ने बताया कि नगर पालिका ने सीवेज और रोड निर्माण में मनमानी की है, कई जरूरी जगहों पर काम न कर निजी कॉलोनियों में लाइन डाल दी गई। सीसी रोड के टेंडर जबरन पास कराए जाने से शहर में जलभराव की समस्या और बढ़ गई है।

### हम जनता की आवाज उठा रहे, पार्टी विरोध नहीं

धर्मेंद्र सक्सेना ने बताया कि जैसे ही उन्होंने धरने की घोषणा की, पार्षदों पर दबाव और धमकियां शुरू हो गईं। उन्हें आपराधिक प्रकरण दर्ज करने की धमकी दी जा रही है। उन्होंने कहा हम जनता की आवाज उठा रहे हैं, पार्टी विरोध नहीं कर रहे। पार्षद राजेश लोधी ने भी कहा कि पिछले साढ़े तीन सालों से नगरपालिका में अराजकता और भ्रष्टाचार चरम पर है। लेकिन नपाध्यक्ष प्रीति शर्मा की प्रशंसा भी की। जनता की समस्याओं की कोई सुनवाई नहीं होती और अधिकारी मनमानी कर रहे हैं। कुछ महीने पहले 39 में से 38 पार्षदों ने अध्यक्ष प्रीति राकेश शर्मा के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव दिया था। इसके बाद उन्होंने अपने वित्तीय अधिकार उपाध्यक्ष संजय दिवाकीर्ति को सौंप दिए थे, लेकिन हालात नहीं बदले। अब पार्षदों ने दोबारा आंदोलन शुरू कर दिया है और चेतावनी दी है कि जब तक मांगे नहीं मानी जातीं, धरना अनिश्चितकालीन चलेगा, जरूरत पड़ी तो भूख हड़ताल भी की जाएगी। कांग्रेस पार्षद इस विरोध में शामिल नहीं हुए।

**धरने पर बैठे पार्षद बोले: जनता की आवाज उठा रहे, पार्टी विरोध नहीं**



विदिशा। नीमताल चौराहे पर बैठे भाजपा के पार्षदों ने नारेबाजी कर शुरू की अनिश्चितकालीन हड़ताल।

### ठगा महसूस कर रहे

पहले यह पार्षद नपाध्यक्ष के पक्ष में थे। नेताओं के दखल के बाद या दबाव में अविश्वास प्रस्ताव में शामिल किए गये थे। लेकिन बाद में अविश्वास प्रस्ताव ठंडे में डल गया। नेताओं में गुटबाजी खत्म हो गई। अब पार्षद खुद को ठगा महसूस कर रहे हैं। इसलिए उन्होंने नपा के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू कर दी है।

### आरोप निराधार हैं

विकास कार्यों को लेकर लगाए गए आरोप निराधार हैं। आरोपों का वास्तविकता से कोई संबंध नहीं है। मैंने सेवा को अपना धर्म माना है। विकास कार्यों में पारदर्शिता और जनहित को सर्वोच्च रखा है। अफवाहों पर ध्यान न दें, बल्कि सच्चाई को समझें और विकास के इस अभियान में मेरा साथ दें।

**प्रीति राकेश शर्मा, नपाध्यक्ष**

### पार्षदों की यह मांग

- सीएमओ द्वारा भारी भ्रष्टाचार एवं परिषद के पार्षदों की अनदेखी की जा रही है पार्षदों ने स्थानांतरण की मांग।
- कचरा वाहन के टैक्स को समाप्त करने, सफाई के संबंध में क्रय की गई सामग्री में भ्रष्टाचार करने वालों पर कार्रवाई की मांग।
- पूर्व में पीआईसी द्वारा प्रस्ताव में जारी कर्मचारी का स्थानांतरण न होना और विकास कार्यों को रोकने के संबंध में प्रदर्शन।
- कई वर्षों से एक स्थान पर रहकर मनमानी एवं भ्रष्टाचार करने वाले कर्मचारियों का स्थानांतरण।
- समस्त विभागों में की गई खरीदी में भ्रष्टाचार की जांच की मांग पार्षदों द्वारा की जा रही है।

### नशीली दवाओं के व्यापार को दी कड़ी चेतावनी

**विदिशा।** ऑल इंडिया ऑर्गनाइजेशन ऑफ केमिस्ट्स एंड ड्रगिस्ट्स ने नशीली खांसी की सिरप और मादक दवाओं के अवैध व्यापार की घटनाओं की कड़ी निंदा करते हुए दोषियों पर सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है। संगठन के अध्यक्ष जेएस शिंदे एवं महासचिव राजीव सिंघल ने अपने संयुक्त बयान में कहा कि ऐसे आपराधिक कृत्य दवा व्यापार की साख को धूमिल करते हैं। एआईओसीडी ने स्पष्ट किया है कि वह किसी भी व्यक्ति या संस्था को नशीली दवाओं के अवैध व्यापार में शामिल नहीं होने देगा। संगठन ने सभी राज्य, जिला एवं तहसील स्तरीय इकाइयों को निर्देशित किया है कि वे अपने क्षेत्रों में सतर्क रहें और कोडीन आधारित या नशीली दवाओं की संदिग्ध खरीद-बिक्री की सूचना तुरंत पुलिस एवं ड्रग कंट्रोल अधिकारियों को दें।

### जागरुकता शिविर और प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता हुई

**विदिशा।** खामखेड़ा में विधिक जागरूकता शिविर एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित की गई। यह कार्यक्रम प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण शेख सलीम के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में सचिव नितेन्द्र सिंह तोमर, न्यायिक मजिस्ट्रेट कादिर खान, अपूर्वा पाठक, लीगल एड डिफेंस काउंसिल सुरजीत सिंह सिकरवार, अनिमेष तिवारी, विनोद कुशवाह, जितेन्द्र अहिरवार तथा पैरालीगल वालेंटियर उपस्थित रहे। न्यायाधीश एवं ग्राम प्रतिनिधियों ने पौधारोपण किया। श्री तोमर ने विद्यार्थियों को मोटर व्हीकल एक्ट, पॉक्सो एक्ट एवं मुफ्त कानूनी सहायता से संबंधित जानकारियां दीं, जबकि श्री खान ने नशामुक्ति पर चर्चा की। सुश्री पाठक ने एनिमल वेलफेयर, बाल विवाह व दहेज निषेध अधिनियमों पर प्रकाश डाला। विजेताओं को पुरस्कृत किया गया।

# जिपं अध्यक्ष ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं, त्वरित निराकरण के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

जिला पंचायत कार्यालय में बुधवार को नियमित रूप से आयोजित जनसुनवाई में जिला पंचायत अध्यक्ष गीता कैलाश रघुवंशी ने जिले के विभिन्न ग्रामों से आए ग्रामीणों और किसानों की समस्याएँ गंभीरता से सुनीं। जनसुनवाई में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया।

ग्रामीणों ने अपने गांवों तक पहुंचने के लिए ग्रेवल सड़कों के निर्माण, सिंचाई के लिए छोटे-बड़े बाँध बनवाने, प्रधानमंत्री आवास योजना और शौचालय निर्माण से जुड़ी समस्याओं को रखा। किसानों ने बताया कि सड़कों के अभाव में खेतों तक आवागमन कठिन होता है, जिससे समय पर बोवनी (बौनी) में बाधा आती है। उन्होंने इन मांगों के समाधान की अपेक्षा जताई ताकि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिल सके। इस दौरान उपस्थित किसानों ने भावांतर योजना की सराहना करते हुए मुख्यमंत्री मोहन यादव के प्रति आभार व्यक्त किया। अध्यक्ष श्रीमती रघुवंशी ने अधिकारियों को सभी शिकायतों का त्वरित और प्रभावी निराकरण करने के निर्देश दिए तथा कहा कि प्रत्येक ग्रामीण की समस्या का समाधान प्राथमिकता से किया जाएगा।



विदिशा। जनसुनवाई के दौरान समस्याएं सुनते हुए जिपं अध्यक्ष प्रतिनिधि।

### कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने दी आंदोलन की चेतावनी

**हरिभूमि न्यूज. विदिशा।** जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष मोहित रघुवंशी ने विदिशा के सांसद और विधायक पर शहर में विकास कार्यों की उपेक्षा का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि जहां एक ओर शहर में खेल महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है, वहीं दूसरी ओर आम नागरिक बदहाल हालात में जीवन यापन कर रहे हैं। शहर की सड़कों पर धूल उड़ रही है, गड्ढों से हादसे हो रहे हैं और सफाई व्यवस्था पूरी तरह चरमराई हुई है। रघुवंशी ने कहा कि नगर पालिका जनता से तरह-तरह के टैक्स वसूली कर रही है सालाना 960 रुपए कचरा शुल्क और दुकानों का बढ़ा हुआ किराया, लेकिन इसके बावजूद शहर में कचरे के ढेर लगे हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र गड्ढों की मरम्मत और सफाई व्यवस्था में सुधार नहीं किया गया, तो कांग्रेस पार्टी शहरव्यापी आंदोलन करेगी। उन्होंने कहा कि नपा के पार्षद ही विकास कार्यों की मांग को लेकर हड़ताल पर बैठे हैं।

# डीटीओ ने यात्री बनकर की ऑटो की जांच

## शासन के नियमानुसार लागू व्यवस्थाओं का बारीकी से अवलोकन किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

जिले में यात्री वाहनों की व्यवस्था और किराया निर्धारण की हकीकत जानने के लिए जिला परिवहन अधिकारी गिरजेश वर्मा ने एक अनोखा कदम उठाया। उन्होंने स्वयं एक सामान्य यात्री के रूप में ऑटो में सवार होकर शहर के विभिन्न मार्गों की यात्रा की। यात्रा के दौरान उन्होंने शासन के नियमानुसार लागू व्यवस्थाओं का बारीकी से अवलोकन किया।

डीटीओ गिरिजेश वर्मा के साथ विभाग के अन्य अधिकारी और कर्मचारी भी बाइक से आगे-पीछे चल रहे थे, जिन्होंने पूरे निरीक्षण अभियान में सहयोग किया। यात्रा के उपरांत अधिकारी ने संबंधित ऑटो के दस्तावेजों की जांच की, जिनमें पंजीयन, बीमा, फिटनेस, चालक का ड्राइविंग लाइसेंस और किराया सूची शामिल थी। उन्होंने पाया कि कुछ ऑटो में किराया सूची प्रदर्शित नहीं थी, जिस पर सुधार के निर्देश दिए गए। उन्होंने ऑटो चालकों से प्रति किलोमीटर किराया दर, यात्रियों से व्यवहार और सुरक्षा नियमों के पालन के संबंध में भी चर्चा की। जिला परिवहन अधिकारी ने कहा कि यह अभियान आगे भी जारी रहेगा ताकि आमजन को सुरक्षित और पारदर्शी यातायात सेवाएं मिल सकें।



विदिशा। निरीक्षण के दौरान ऑटो में सवारी करते हुए डीटीओ गिरिजेश वर्मा।

### खेलो इंडिया अस्मिता एथलेटिक्स लीग 21 से

**विदिशा।** खेलो इंडिया अस्मिता एथलेटिक्स लीग 2025-26 का आयोजन देशभर की तरह विदिशा में भी पहली बार 21 नवंबर को सुबह 8 बजे जिला खेल परिसर, सांची रोड पर होगा। यह आयोजन स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया और एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के निर्देशानुसार किया जा रहा है। जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन के सचिव लालता प्रसाद तिवारी ने बताया कि प्रतियोगिता में 12 से 16 वर्ष की बालिकाएं भाग ले सकेंगी। प्रतिभागियों को आधार कार्ड और जन्म प्रमाण पत्र साथ लाना अनिवार्य है। आयोजन की जिम्मेदारी समिति के सदस्यों गोपाल कुशवाह, लक्ष्मीनारायण कुशवाह, बलराम कुशवाह, कु. मुस्कान अहिरवार और कु. अंजू कुशवाह को सौंपी गई है। विद्यालयों से अनुरोध किया गया है कि वे अपनी छात्राओं के नाम, जन्म तिथि और आधार की प्रति सहित सूची विद्यालय लेटरहेड पर आयोजन स्थल पर प्रस्तुत करें। प्रतियोगिता में विजेता बालिकाओं को भारतीय खेल प्राधिकरण एवं एथलेटिक्स फेडरेशन द्वारा मेडल प्रदान किए जाएंगे।

# गाजर घास व खरपतवार काटकर दिया स्वच्छता संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

ग्राम पंचायत नौलास में सांसद खेल महोत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें नौलास सेक्टर की आठ ग्राम पंचायतों से आई टीमों ने रस्साखींच, चम्मच दौड़, कुर्सी दौड़ और कबड्डी जैसे खेलों में उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में विधायक मुकेश टंडन, जनपद अध्यक्ष रजनी लोधी, सीईओ जितेंद्र जैन, मंडल अध्यक्ष प्रतीक सिंह कंग सहित जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। विजेताओं को विधायक टंडन ने प्रमाणपत्र एवं नगद पुरस्कार प्रदान किए। अंत में उन्होंने स्वच्छ भारत अभियान के तहत श्रमदान करते हुए स्कूल परिसर में गाजर घास व खरपतवार हटाकर स्वच्छता का संदेश दिया तथा बच्चों व शिक्षकों को स्वच्छता की शपथ दिलाई। सांसद खेल महोत्सव को लेकर ग्रामीणों व बच्चों में खासा उत्साह देखा गया।



# एसएटीआई कॉलेज में असामाजिक गतिविधियों के विरोध में किया प्रदर्शन



**विदिशा।** एसएटीआई कॉलेज में बढ़ती असामाजिक गतिविधियों और अनुशासनहीनता के विरोध में बुधवार को अभाविप कार्यकर्ताओं ने कॉलेज परिसर में प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने हाथों में तख्तियां और झंडे लेकर कॉलेज प्रबंधन के खिलाफ नारेबाजी की तथा कॉलेज डायरेक्टर को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कॉलेज में बाहरी तत्वों की आवाजाही पर रोक लगाने, ड्रेस कोड अनिवार्य रूप से लागू करने और नशाखोरी व अशोभनीय गतिविधियों में शामिल छात्रों पर सख्त कार्रवाई की मांग की। परिषद ने कहा कि कॉलेज परिसर में बढ़ती अनुशासनहीनता से शैक्षणिक माहौल प्रभावित हो रहा है और यह विदिशा शहर की छवि को भी धूमिल कर रहा है। कार्यकर्ताओं ने चेतावनी दी कि कॉलेज प्रशासन ने जल्द ठोस कदम नहीं उठाए तो परिषद आंदोलन करेगी। क्योंकि एसएटीआई कॉलेज विदिशा की शैक्षणिक पहचान है और यहां का अनुशासन जिले की गरिमा से जुड़ा हुआ है।

### मानसिक स्वास्थ्य एवं पीसीपीएनडीटी विषय पर प्रशिक्षण दिया

**हरिभूमि न्यूज. विदिशा।** कलेक्टर अंशुल गुप्ता के निर्देशन में गंजबासौदा के जन चिकित्सालय में मानसिक स्वास्थ्य एवं पीसीपीएनडीटी विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया। इसमें आशा कार्यकर्ता, एएनएम, आशा सुपरवाइजर सहित 90 स्वास्थ्य कर्मियों ने सहभागिता की। प्रशिक्षण में मानसिक रोगों की पहचान, प्रारंभिक सहायता, बाल संरक्षण, पोक्सो अधिनियम व किशोर न्याय अधिनियम से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। अधिकारियों ने बताया कि बाल संरक्षण केवल संस्थागत नहीं बल्कि सामुदायिक जिम्मेदारी भी है। प्रतिभागियों को स्पॉन्सरशिप योजना की जानकारी भी दी गई।

## पुलिस पंचायत में दिखा रिश्तों का खट्टा-मीठा ताना-बाना

# व्यापार में कमाए करोड़ों, बुढ़ापे में पत्नी-बेटों से हुए अलग बहू ने मिठाई खिलाकर छुए पैर तो पिघली रिश्तों की खटास

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

एसपी रोहित काशवानी के निर्देशन में गठित पुलिस पंचायत की साप्ताहिक बैठक आयोजित की गई।

इस दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. प्रशांत चौबे, पंचायत कोर कमेटी सदस्य डॉ. सचिन गर्ग, आर कुलश्रेष्ठ, प्रमोद व्यास, दिनेश वाजपेयी, अजय टंडन, अतुल शाह एवं पार्थ पीतलिया की उपस्थिति में आयोजित की गई। बैठक में पारिवारिक विवादों, संपत्ति संबंधी मुद्दों एवं वरिष्ठ नागरिकों से जुड़े चार प्रमुख प्रकरणों की सुनवाई की गई। एक बुजुर्ग दंपती ने शिकायत की थी कि बहू द्वारा विवाद व धमकियों के कारण घर में तनाव का माहौल है। पंचायत की समझाइश से दोनों पक्षों में सहमति बनी कि भविष्य में विवाद नहीं होगा और बहू बुजुर्ग दंपती की देखभाल करेगी।

80 वर्षीय व्यक्ति ने बताया कि पत्नी के निधन के बाद संपत्ति वितरण में बेटे के साथ मतभेद हो गए थे। पंचायत की मध्यस्थता से समाधान हुआ। बेटा अब पिता द्वारा दिए गए मकान को स्वीकार करेगा और आगे कोई विवाद नहीं करेगा।



### ऐसे मामले भी आए

एक वरिष्ठ व्यवसायी ने शिकायत की कि करोड़ों का व्यवसाय खड़ा करने के बाद भी अब उन्हें परिवार से अलग कर दिया गया है। पंचायत द्वारा परामर्श व विकल्प प्रस्तुत किए गए और विस्तृत तथ्यों के आधार पर अगली सुनवाई आगामी तिथि पर तय की गई। एक सीनियर सिटीजन ने शिकायत की कि उनका भांजा मकान खाली नहीं कर रहा। जांच में पता चला कि वसीयत में दोनों को हिस्सा दिया गया था। पंचायत ने तय किया कि वसीयत के अनुसार नामांतरण और टैक्स भुगतान दोनों पक्षों द्वारा किया जाएगा।



## बासौदा मंडी भाव

सोयाबीन
न्यूनतम भाव-2200
उच्चतम भाव-5411
सरसों
न्यूनतम भाव-5800
उच्चतम भाव-7750
चना
न्यूनतम भाव-3710
उच्चतम भाव- 5720
मसूर
न्यूनतम भाव-4000
उच्चतम भाव-7500
उड़द
न्यूनतम भाव-4600
उच्चतम भाव-5930
मक्का
न्यूनतम भाव- 700
उच्चतम भाव- 1810
तेवड़ा
न्यूनतम भाव-2650
उच्चतम भाव-3200
धान
न्यूनतम भाव-700
उच्चतम भाव-2985
गेंहू
न्यूनतम भाव-2332
उच्चतम भाव-3130
मूंग
न्यूनतम भाव- 6260
उच्चतम भाव- 6260
बटरी
न्यूनतम भाव-2181
उच्चतम भाव- 3250

### कृषि मंडी में हुई आवक

गंज बासौदा। कृषि उपज मण्डी में बुधवार को आसपास के ग्रामीण अंचलों से किसान ट्रैक्टर-ट्रालियों से कृषि जिंसों को नीलामी के लिए लेकर पहुंचे। जिससे कृषि उपज मण्डी में 33098 बोरे उपज की आवक दर्ज हुई।

## रक्त सेवा समिति का रजत जयंती समारोह आयोजित

# नवांकुर विद्यापीठ सिर्फ शाला नहीं एक घराना है: राजेश तिवारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा





नवांकुर विद्यापीठ के डॉल्फिन कैंपस में रक्त सेवा समिति के स्थापना दिवस के रजत जयंती समारोह के अंतर्गत आयोजित कार्यक्रम में निबंध, भाषण, चित्रकला प्रतियोगिता और रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय के 450 विद्यार्थियों ने सहभागिता की। इस अवसर पर रक्त सेवा समिति के संरक्षक राजेश तिवारी, सदस्य योग गुरु महेंद्र सिंह रघुवंशी तथा सदस्य सेवानिवृत्त शिक्षक रविशंकर लोहिया तथा अन्य अतिथिगण उपस्थित थे।

कार्यक्रम के आरंभ में अतिथियों द्वारा माँ सरस्वती का पूजन कर दीप प्रज्वलित किया गया। छात्रा भूमि रघुवंशी और परी रघुवंशी तथा शिक्षक भागीरथ शर्मा ने अतिथियों का स्वागत किया। तत्पश्चात नवांकुर संगीत विद्यालय के गायन दल शानवी भार्गव, राखी कुशवाह, तेजस्वी, परिधि कुशवाह और प्रिंस रैकवार द्वारा रक्तदान गीत चलो चले खुशी-खुशी तथा जरा धीरे-धीरे गाड़ी हॉंक का गायन प्रस्तुत किया गया। इस दौरान पवित्र अहिरवार ने तबला वादन प्रस्तुत किया। काव्य पाठ के अंतर्गत शर्मा, कनक राजपूत, नीलम प्रजापति, अनस खान और आन्या सैनी द्वारा रक्तदान पर आधारित कविताएं प्रस्तुत की गईं। इस अवसर पर दिव्यांश सोनी, झलक शर्मा, समीक्षा दुबे, कनक दुबे, आदर्श प्रताप सिंह राजपूत, प्रिंसी रघुवंशी, भूमि रघुवंशी, भूमि सोनी, वंशिका बघेल तथा डॉल्फिन विद्यालय की छात्रा नविका गौड ने रक्तदान महादान विषय पर भाषण प्रस्तुत किया। विज्ञान मंथन यात्रा में संपूर्ण मध्य प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली डॉल्फिन की छात्रा अक्षरा शर्मा को सम्मानित किया गया। अतिथि उद्बोधन की श्रृंखला में संस्था संस्थापक राजेश तिवारी ने नवांकुर विद्यापीठ को घराना कहकर संबोधित किया। आपने नवांकुर विद्यापीठ की भूरि भूरि प्रशंसा करते हुए नवाचार में प्रथम बताया। आपने कहा कि रक्त सेवा समिति की स्थापना हुए 25 वर्ष व्यतीत हो गए तभी से नवांकुर विद्यापीठ हमेशा समिति के साथ रहकर सहयोग कर रहा है।

इस अवसर पर विद्यालय परिवार द्वारा रक्त सेवा समिति द्वारा उत्कृष्ट कार्य करने के लिए राजेश तिवारी का स्मृति पट्टिका व पेंटिंग भेंट कर अभिनंदन किया गया। शिक्षक संदीप रावत ने कार्यक्रम का संचालन तथा अवधेश कुशवाह ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया। उल्लेखनीय है कि रक्त सेवा समिति नगर सहित क्षेत्र भर में रक्त परीक्षण, रक्तदान के प्रति जागरूकता के कार्यक्रमों में अग्रणी संस्था है। समिति द्वारा नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में भी रक्त परीक्षण शिविर आयोजित किए जाते हैं और लोगों को रक्त परीक्षण कराने एवं रक्तदान करने के महत्व के बारे में जानकारी देकर रक्तदान करने के प्रति जागरूक किया जाता है।

## शिविर में छात्राओं को दी जानकारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

म. प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देश पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश विदिशा के मार्गदर्शन में तहसील विधिक सेवा समिति के द्वारा न्यायोत्सव विधिक सेवा सप्ताह के अंतर्गत विमलेश मुड़ैया द्वितीय व्यवहार न्यायधीश वरिष्ठ खंड एवं न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी की उपस्थिति में विश्व शिक्षा दिवस के अवसर पर कस्तूरबा गांधी बालिका छात्रावास ग्राम उदयपुर में विधिक, जागरूकता एवं साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित छात्राओं को संविधान के मूलभूत अधिकार एवं कर्तव्य, शिक्षा का अधिकार, दैनिक जीवन में उपयोगी विधियां, यातायात नियम, स्वच्छता का महत्व, लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012, निःशुल्क विधिक सहायता, नालसा हेल्प लाइन 15100 के संदर्भ में जानकारी दी गई।

कार्यक्रम में एडवोकेट संजीव कुमार अरोरा, विनोद जैन, रामकृष्ण साहू, दीपिका श्रीवास्तव, कमल सिंह पंथी, स्वाति नेमा, राधिका प्रजापति, ललन तिवारी, उदयपुर पुलिस चौकी इंद्राज दांगी, रत्नेश, रोहित उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन एडवोकेट संजीव कुमार अरोरा ने किया।

## ग्रामीणों ने नायब तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

बुधवार को खेरुआ पंचायत के ग्रामीण तहसील कार्यालय पहुंचे जहां उन्होंने आंगनवाड़ी सहायिका के खिलाफ ज्ञापन सौंपा। ग्रामीणों का आरोप है कि सहायिका अपने कर्तव्यों का पालन नहीं कर रही हैं और अपना काम 500 रुपए में किसी अन्य महिला से करवा रही हैं। ग्रामीणों ने नायब तहसीलदार अनुराग रावत को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया गया कि गांव में आंगनवाड़ी संचालित होती है, जहां सहायिका के पद पर नियुक्त कर्मचारी खुद काम न करके गांव की एक अन्य महिला को 500 रुपए देकर अपना काम सौंप देती हैं। आंगनवाड़ी सहायिका का मुख्य कार्य बच्चों को प्रतिदिन उनके घर से आंगनवाड़ी लाना, उन्हें मध्याह्न भोजन वितरित करना और अन्य सहायक कार्य करना होता है। ग्रामीणों का कहना है कि जिस व्यक्ति को शासन द्वारा इस पद पर नियुक्त किया गया है, वह पूरी निष्ठा से काम नहीं कर रहा है। ग्रामीणों ने इस मामले की निष्पक्ष जांच कराने और संबंधित सहायिका के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है। उन्होंने बताया कि इस संबंध में पहले ग्राम पंचायत में भी शिकायत की गई थी। इसके बाद एसडीएम कार्यालय पहुंचकर नायब तहसीलदार को ज्ञापन के माध्यम से कार्रवाई की मांग दोहराई गई। इस मौके पर लोकेंद्र सिंह ठाकुर, नर्बदी बाई, रामबाबू, गोलू, लताबाई, पानबाई और सैफी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

## खबर संक्षेप

### 51 किलोग्राम की पुष्पमाला अर्पित की



गंजबासौदा। ग्राम हतौडा स्थित श्री बालाजी सरकार मंदिर में मंगलवार को भक्तिमय माहौल के बीच श्रद्धालुओं ने 51 किलो की पुष्प माला अर्पित की। यह माला दुर्जन लाल रैकवार एवं समस्त परिवार की ओर बड़े ही श्रद्धा और उत्साह के साथ भेंट की गई। कार्यक्रम की शुरुआत केवट धर्मशाला वार्ड नंबर 1 से हुई, जहाँ से एक भव्य शोभायात्रा निकाली गई। यात्रा में सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु, महिलाएँ और भक्त शामिल हुए। जयकारों और भक्ति गीतों के बीच शोभायात्रा जब श्री बालाजी धाम पहुँची, तो पूरे क्षेत्र में भक्तिभाव का वातावरण छा गया। यह पहली बार है जब दुर्जन लाल रैकवार एवं रैकवार परिवार ने श्री राम जानकी मंदिर एवं बालाजी सरकार हतोड़ा के लिए इतनी बड़ी 51 किलो की माला अर्पित की। आयोजन को लेकर नगर में विशेष उत्साह देखने को मिला और मंदिर परिसर को आकर्षक रूप से सजाया गया था।

## भगवान शिव सरलता के देव हैं: पं. केशव शास्त्री



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

वेत्रवती घाट स्थित नौलखी धाम आश्रम के विजय हनुमान मंदिर पर आयोजित हो रहे 11 दिवसीय दिव्य शिव अनुष्ठान में ब्राह्मण वेद-मंत्रों की मधुर गूंज के साथ दूध, जल, पंचामृत, मधु एवं पुष्प अर्पित कर भगवान से शांति, समृद्धि और कल्याण की कामना कर शिव अभिषेक को संपन्न कर रहे हैं। शिव महिमा बताते हुए आचार्य पं. केशव शास्त्री गुरुजी ने कहा कि शिव की उपासना में कोई कठोरता नहीं है। वे नियमों से अधिक भावना को महत्व देते हैं। वे सरलता के देव हैं, जो एक लोटा जल, कुछ बेलपत्र, और हृदय की सच्ची भावना से प्रसन्न हो जाते हैं। भक्त जब "हर हर महादेव" का उच्चारण करता है, तो वह केवल मंत्र नहीं बोलता, बल्कि अपने भीतर के भय, अहंकार और दुःख का विसर्जन करता है। भगवान शिव तंत्र, मंत्र, ज्ञान और विज्ञान के अध्यक्ष हैं। देवताओं में केवल शिव ही ऐसे देव हैं जिनके पास ज्ञान का तीसरा नेत्र है,जो जीव को अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाता है। शिव पूजन की विधियां बताते हुए उन्होंने बताया कि पुत्र प्राप्ति के लिए साल के बीजों से अभिषेक,धन के लिए गन्ने के रस से, विजय के लिए गूगल से,शत्रु पराजय हेतु सरसों से, विद्या के लिए दूध और मधु से तथा रोग मुक्ति के लिए पंचामृत से अभिषेक करने का विधान शिव पुराण में वर्णित है। पंडित शास्त्री ने बताया कि शिव भक्ति का अर्थ केवल पूजा नहीं, बल्कि अपने जीवन को शिवमय बनाना है। जब मनुष्य अपने कर्मों में ईमानदारी, विचारों में पवित्रता और व्यवहार में करुणा लाता है, तब हर कार्य, हर श्वास, हर क्षण शिव आराधना बन जाता है। भगवान शिव का परिवार विविधता में एकता का संदेश देता है, बैल, सर्प, शेर, चूहा और मोर जैसे परस्पर विरोधी जीव भी शिव परिवार में प्रेमपूर्वक रहते हैं। इससे सीख मिलती है कि शिव भक्ति से घर-परिवार में भी विरोधाभास मिटते हैं और प्रेम बढ़ता है। बुधवार को हुए रुद्राभिषेक के दौरान के यजमान राम नारायण शर्मा, रामशरण दुबे, भानु प्रताप सिंह ठाकुर एवं महंतश्री राम मनोहर दास जी महाराज द्वारा वैदिक विधि से अभिषेक संपन्न किया गया।

## एसजीएस में चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा



शासकीय संजय गांधी स्मृति स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. नरेंद्र कुमार के मार्गदर्शन में तथा डॉक्टर सपना श्रीवास्तव, डॉक्टर शिवानी बिश्नोई के नेतृत्व में भगवान बिरसा मुंडा की 150 वीं जयंती के समापन वर्ष के उपलक्ष्य में महाविद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह चित्रकला प्रतियोगिता भगवान बिरसा मुंडा द्वारा जनजातीयों के उत्थान एवं शोषण से बचाव हेतु योगदान तथा जनजाति संस्कृति, कला, धर्म पर आधारित थी। इसमें महाविद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा उत्साह से सहभागिता की गई। इस चित्रकला प्रतियोगिता में सहभागिता करने वाले विद्यार्थियों में भूपेंद्र कुशवाहा, आशुतोष दांगी मोहित कुशवाहा, प्रियांशु रघुवंशी, शालू रैकवार, प्राची दांगी, महक दांगी आदि ने सहभागिता की। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. नरेंद्र कुमार द्वारा भगवान बिरसा मुंडा के जनजातीय आंदोलन में किए गए योगदान से विद्यार्थी को अवगत कराया गया। साथ ही भगवान बिरसा मुण्डा द्वारा अपने अल्प जीवन में जनजातियो के उत्थान एवं विकास में दिए गए योगदान को प्राचार्य ने रेखांकित किया। महाविद्यालय की वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. सुमनलता गुप्ता द्वारा विद्यार्थियों को भगवान बिरसा मुंडा के जीवन से प्रेरणा लेने एवं मानव कल्याण, मानव सेवा, नर सेवा ही नारायण सेवा है के लिए प्रेरित किया गया। जीवन में मानव सेवा से बढ़कर कुछ भी नहीं हो सकता है। उन्होंने विद्यार्थियों को देश सेवा एवं देश की उन्नति तथा विकास में अपना योगदान करने के लिए प्रेरित किया।

## नव निर्वाचित युकां पदाधिकारियों का हुआ स्वागत





हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

हाल ही में प्रदेश में युवक कांग्रेस पदाधिकारियों के निर्वाचन के बाद नियुक्तियों की घोषणा की गई है। जिसमें नगर के भी दो युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं को जिले एवं प्रदेश कार्यकारिणी में प्रमुख जिम्मेदारी सौंपी गई है। इनमें से नगर के आकाश शर्मा को युवक कांग्रेस का जिलाध्यक्ष बनाया गया है। वहीं अपूर्व जैन को युवक कांग्रेस में प्रदेश महासचिव की जिम्मेदारी दी गई है। इस जिम्मेदारी के बाद बुधवार को आकाश शर्मा ने सिद्धेश्वर महादेव मंदिर से भव्य जुलूस निकाला। जिसमें कांग्रेस जनों ने उनका पुष्पहारों एवं आतिशबाजी कर स्वागत किया। उधर अपूर्व जैन के स्वागत में भी बराही पैलेस में समारोह आयोजित किया गया। जहां अपूर्व को पुष्पहार पहनाकर एवं मिष्ठान खिलाकर उनका स्वागत किया गया। इस मौके पर अपूर्व जैन का जन्मदिन भी कांग्रेस पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने उत्साह से मनाया।

## बाइकों की टक्कर में दो गंभीर घायल



गंजबासौदा। बुधवार को ग्राम सतवाडा कला के पास दो बाइक आमने-सामने से टकरा गई। जिसमें भोपाल निवासी इकराम खान एवं मुख्तार खान गंभीर रूप से घायल हो गए। जबकि दूसरी बाइक सवार को मामूली चोटें आईं।

घटना के बाद दोनों गंभीर घायलों को 108 की मदद से त्योंदा स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां दोनों का प्राथमिक उपचार कर उच्च उपचार के लिए उन्हें विदिशा रेफर किया गया। इस घटना में त्योंदा पुलिस ने घायलों के बयान दर्ज कर मामले की जांच एवं कार्रवाई शुरू कर दी है।

**Change of Name**

I KANCHEE AGARWAL D/O MR YOGESH AGRAWAL, FEMALE, AGED 23 YEAR CHANGED MY NAME TO KANCHI AGRAWAL FOR ALL PURPOSE INCLUDING PASSPORT AND ALL OTHER DOCUMENT. IN FUTURE I WILL BE KNOWN BY THIS NAME

**बेचना है**

गंजबासोदा स्थित ग्राम चोराबर प.ह.नं. 49 में अ.क्र. 43/2 रकबा 1.463 एवं अ.क्र. 40/1 रकबा 1.487 करीब पन्द्रह वीघा जमीन जो कि काली गिट्टी क्रेशर, कोपरा, एवं सेन्ड कार्य के लिये अति उपयुक्त। शीघ्र बेचना है।
संपर्क : अमित यादव- 9893853839
हिमांशु यादव- 9406549566

**कार्यालय नगर पालिका परिषद, गंजबासौदा, जिला विदिशा (म.प्र.)**
**पुराना मेला ग्राउंड वार्ड नं. 15 गंजबासौदा**
ई-मेलः cmoganjbasoda@mpurban.gov.in दूरभाष :- 07594221104

क्रमांक. 6482 /NULM/2025 गंजबसौदा दिनांक 12/11/2025

**अभिरूचि का प्रदर्शन (Expression of Interest)**

नगर पालिका परिषद् गंजबासौदा को अमृत मित्र पहल योजनान्तर्गत स्व सहायता समूह की महिलाओं को नगरीय प्रशासन एवं विकास, भोपाल के पत्र क्रमांक / या.प्र./2025/AMRUT MITRA/12901 दिनांक 10/11/2025 भारत सरकार द्वारा निकाय गंजबासौदा की 01 परियोजना स्वीकृत की गयी हैं। तत्सम्बंध में निकाय के डे-एनयूएलएम योजनातंर्गत गठित स्व सहायता समूह की महिलाओं को वृक्षारोपण एवं रख-रखाव कार्य करने के इच्छुक स्व सहायता समूह से निर्धारित आवेदन प्रपत्र में आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं। आवेदन प्रपत्र निकाय स्थित डे-एन.यू.एल.एम शाखा से निःशुल्क प्रात किये जा सकते हैं एवं पूर्ण रूप से भरे हुए आवेदन समस्त आवश्यक दस्तावेजों सहित सील बंद लिफाफे में दिनांक 13/11/2025 से दिनांक 19/11/2025 तक कार्यालीन समय पर प्राप्त किये जायेंगे एवं दिनांक 20/11/2025 को दोपहर 03 बजे खोले जावेंगे। इस कार्य से सम्बंधित विस्तृत्त से विवरण एवं शर्ते डे-एन.यू.एल.एम शाखा प्राप्त की जा सकती है।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर पालिका परिषद गंजबासौदा**

### नर्मदा परिक्रमा पर गए नगर के तीर्थ यात्री महाराष्ट्र गुजरात से मांडू पहुंचे

# मां नर्मदा के दर्शन मात्र से पुण्य प्राप्त होता है:शास्त्री



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

ओंकारेश्वर (मप्र) से बस द्वारा प्रारंभ हुई नगर के तीर्थ यात्रियों की नर्मदा परिक्रमा महाराष्ट्र, गुजरात के रेवा सागर (समुद्र) संगम से होते हुए पुनः मध्य प्रदेश की सीमा (मांडू) में प्रवेश कर चुकी है। यात्रा पर गए तीर्थ यात्री प्रतिदिन नर्मदा नदी के तट के किनारे नर्मेदश्वर महादेव का रुद्राभिषेक कर यात्रा को प्रारंभ करते हैं। तीर्थ यात्री करीब 3600 किलो मीटर लंबी तपो यात्रा पूरी कर 20 नवंबर को नगर में वापसी करेंगे।

मालूम हो कि नगर के भक्ति दर्शन फाउंडेशन परिवार के तत्वावधान में दो बसों के माध्यम से 80 से अधिक तीर्थ यात्रियों ने 5 नवंबर कार्तिक पूर्णिमा को माँ नर्मदा की पूजन के साथ परिक्रमा प्रारंभ की है। अभी तक 1800 किलोमीटर की परिक्रमा पूर्ण हो चुकी है। तीर्थ यात्रियों ने परिक्रमा के दौरान निमाड़ के सिद्ध संत बैकुंठवासी सियाराम बाबा की तपोस्थली, दधीचि मुनि की तपो स्थली, मीठी तलाई, महालक्ष्मी मंदिर, दहेज शुक्ला तीर्थ, नीलकंठ महादेव, भरूच में रेवा सागर संगम के दर्शन किए। शूलपाणि महादेव, सरदार सरोवर, नीलकंठ धाम पाईचा सहित महाराष्ट्र के केदारेश्वर तीर्थ के दर्शन तीर्थ यात्रियों को कराए गए। अलीराजपुर से होते हुए बुधवार को तीर्थ यात्री मांडू और महेश्वर की सीमा प्रवेश कर गए हैं। रुद्राभिषेक से यात्रा प्रारंभ और नर्मदा पुराण से होता है विश्राम। 15 दिवसीय यात्रा में परिक्रमा के साथ-साथ नर्मदा पुराण की कथा का भी श्रवण तीर्थ यात्रियों को कराया जा रहा है। परिक्रमा के दौरान तीर्थ यात्री यात्रा के प्रारंभ से ही माँ नर्मदा के तटों पर प्रतिदिन भगवान नर्मदेश्वर महादेव का विधि विधान के साथ रुद्राभिषेक करने के साथ मां नर्मदा की महिमा सुनते हैं।

यात्रा के संयोजक पंडित भगवान प्रसाद शास्त्री मानस रत्न ने मां नर्मदा की महिमा को बताते हुए कहा कि भारत में मुख्य रूप से सात नदियों का उद्गम है, जिनमें से मां नर्मदा सबसे प्राचीन है। स्कंद पुराण के अनुसार मां सरस्वती में तीन बार स्नान से, यमुना में सात बार, मां गंगा में एक बार स्नान से पवित्र होते हैं जबकि नर्मदा के दर्शन मात्र से व्यक्ति पवित्र हो जाता है। मां नर्मदा भारत की ही नहीं, विश्व की एक मात्र नदी है जिसकी संपूर्ण परिक्रमा की जाती है। आदि शंकराचार्य द्वारा रचित श्री नर्मदा अष्टकम में मां नर्मदा को हमारी आदिकाल की सांस्कृतिक मां बताया गया है। मां नर्मदा की परिक्रमा यात्रा आदिकाल में महर्षिश्री मार्कंडेय ऋषि द्वारा प्रारंभ की गई थी।

## आचार्य विद्या वैली स्कूल के छात्रों का नेशनल गेम हेतु सिलेक्शन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

आचार्य विद्या वैली हाई सेकंडरी स्कूल के छात्रों ने विगत दिनों इंदौर में संपन्न हुई राज स्तरीय प्रतियोगिता में मिनी गोल्फ एवं गतका में प्रदेश में श्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए नेशनल हेतु क्वालीफाई किया है। कक्षा 12 के छात्र निमेश यादव ने मिनी गोल्फ में राज्य स्तर पर सिल्वर मेडल प्राप्त करते हुए नेशनल में अपनी जगह बनाई है। इसी प्रकार आर्यन शर्मा ने भी मिनी गोल्फ में ट्रॉफी जीतकर विद्यालय का नाम रोशन किया है। इस अवसर पर जैसे ही विद्यालय के छात्रों का दल बासौदा रेलवे स्टेशन पर पहुंचा संस्था के डायरेक्टर प्रणय जैन, अशोक जैन, पंकज जैन, सतेंद्र सिंह राजपूत, प्राचार्य वीरेंद्र सक्सेना सहित समस्त विद्यालय परिवार एवं विजेता छात्रों के अभिभावकों के द्वारा ढोल नगाड़ों एवं फूल मालाओं के साथ विजेता खिलाड़ियों का नगर के मुख्य मार्ग से जुलूस निकालते हुए विद्यालय लाया गया। तत्पश्चात विद्यालय में उपस्थित सभी छात्रों ने उनका भव्य स्वागत किया।

## पूरा शहर अतिक्रमण की चपेट में, लेकिन कार्रवाई सिर्फ कुछ ही स्थानों पर क्यों...?

# नपा द्वारा की जा रही अतिक्रमण की कार्रवाई को लेकर व्यापारियों ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज

नगर पालिका परिषद द्वारा नगर के छत्री नाका चौराहा के आस-पास की जा रही अतिक्रमण की कार्यवाही को लेकर बुधवार को दर्जनो दुकानदारो ने एसडीएम कार्यालय पहुचकर एसडीएम हरिशंकर विश्वकर्मा को ज्ञापन सौपते हुए बताया कि नगर पालिका द्वारा छत्री चौराहा के आस-पास दुकानों के ऊपर लगे टीन शेड हटवाया जा रहा हैं जिससे व्यापारी में आक्रोस है। सभी व्यापारी अपना व्यापार दुकान के अंदर करते हैं ग्राहकों के लिए छाया-धूप-पानी से वचने के लिये टीन शेड लगाया गया है जिससे ग्राहको को धूप-पानी वे वचा जा सके। उक्त टीन शेड से किसी प्रकार के आवागमन में कोई बाधा नहीं होती है और आम नागरिकों को कोई परेशानी नहीं होती है। वही व्यापारियो ने कहा कि हमारे द्वारा कोई अतिक्रमण नहीं किया गया और ना ही कोई पक्का निर्माण किया गया है। दुकानों के आगे हाथ ठेला वाले होकर व्यापार करते है उससे यातायात बाधित होता है और आम नागरिकों को निकलने में परेशानी होती है। दुकानदारो ने मांग करते हुए कहा कि नगर पालिका द्वारा दुकानदारो के टीन शेड को ना हटाया जाए बल्कि हाथ ठेला लगाकर व्यापार करने वालों को हटवाया जाए।

### नपा की व्यापारियों से अपीलः शासकीय भूमि पर रखी हुई सामग्री को तत्काल हटाए अन्यथा नपा अतिक्रमण अमले द्वारा की जाएगी सामग्री जब्ती की कार्रवाई





व्यापारियो ने एसडीएम से चर्चा करते हुए कहा कि नपा द्वारा विगत कई वर्षा से अतिक्रमण पर कार्यवाही की जाती आ रही है। लेकिन यह कार्यवाही सिर्फ नगर के बस स्टेण्ड व छत्री नाका चौराहा तक की जाती है। नगर के मुख्य बाजार में यदि देखा जाए तो हर तरफ अतिक्रमण ने अपने पैर ऐसे पसार रखे है कि पैदल चलने वाले नागरिको को भी काफी परेशानियो का सामना करना पडता है। यदि इसी बीच कोई चार पहिया वाहन मुख्य बाजार में आ जाता है तो घण्टों जाम की समस्या बनी रहती है। लेकिन नपा अधिकारियो द्वारा मुख्य बाजार के अतिक्रमण पर ध्यान नही दिया जाता है। जब भी अतिक्रमण पर कार्यवाही की बात आती है तो सबसे पहले छत्री नाका चौराहा स्थित दुकानदारो को ही नपा द्वारा कार्यवाही के नाम पर परेशान किया जाता है।

वही किराना व्यापारी सौरभ जैन ने कहा कि यदि अतिक्रमण के मामले में नगर सिरोंज की बात की जाए तो चारो तरफ अतिक्रमण ने अपने पैर ऐसे पसार रखे है कि वाहनो से आना जाना करना तो दूर की बात है त्यौहारो के समय तो पैदल चलने वालो को भी घण्टो जाम जैसी समस्या का सामना करना पडता है। वही इन समस्याओं की जानकारी नगर पालिका के अधिकारियो को होने के बावजूद भी अतिक्रमण पर कार्यवाही नही होती है। अतिक्रमण के कारण पूरे शहर में जाम की समस्या उत्पन्न होती है। लेकिन नपा के अधिकारियो को सिर्फ छत्री नाका चौराहा व बस स्टेण्ड ही नजर आता है। जहा ज्यादा समस्या उत्पन्न होती है वहा किसी की नजर नही जाती है। वहीं नपा परिषद सीएमओ राम प्रकाश साहू ने बुधवार को प्रेस नोट जारी करते हुए कहा कि शासन के निर्देशानुसार नगर पालिका परिषद द्वारा छत्री नाके स्थित शासकीय भूमि से अतिक्रमण हटाये जाने की कार्यवाही की गई। अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही में जिन व्यापारियों द्वारा सूचना के उपरांत अपना सामान शासकीय भूमि से नही हटाया गया। उन दुकानदारों के समान जप्ती की कार्यवाही की गई। अतिक्रमण के दौरान नगर पालिका अमले को व्यापारियों के भारी विरोध का सामना करना पडा। वही नगर पालिका परिषद ने सम्पूर्ण नगर के व्यापारियों से अपील करते हुए कहा कि जिन व्यापारियों की सामग्री शासकीय भूमि पर रखी हुई है और टीनशेड बनाया हुआ है वह तत्काल हटाया जाए अन्यथा नगर पालिका अतिक्रमण अमले द्वारा सामग्री जप्ती की कार्यवाही की जावेगी।

## पुलिस की कार्रवाई

# ऑपरेशन मुस्कान : गुमशुदा नाबालिग बालिका को इंदौर से किया दस्तयाब




**सिरोंज।** जिले में गुमशुदा एवं अपहृता बालक-बालिकाओं की तलाश एवं दस्तयाबी को लेकर पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. प्रशांत चौबे एवं एसडीओपी सुश्री रोशनी सिंह के मार्गदर्शन में ऑपरेशन मुस्कान अभियान के तहत थाना पथरिया पुलिस ने सफलता प्राप्त की है। पुलिस टीम ने अपहृता नाबालिग बालिका को सकुशल दस्तयाब कर उसके परिजनों को सौंपा। मिली जानकारी अनुसार थाना पथरिया क्षेत्र अंतर्गत 17 वर्षीय बालिका के अपहरण की सूचना प्राप्त हुई थी। इस पर अपराध क्रमांक 130/2025, धारा 137(2) बीएनएस के अंतर्गत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई। सतत खोजबीन एवं तकनीकी विश्लेषण के आधार पर थाना पथरिया पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 10 नवम्बर को बालिका को इंदौर से सकुशल दस्तयाब कर परिजनों को सुपुर्द किया। उक्त कार्रवाई में उप निरीक्षक थाना प्रभारी ऋतुराज सिंह, सहायक उप निरीक्षक विजय सिंह, शुभेन्द्र चौहान,आरक्षक सोनू राजपूत की सराहनीय भूमिका रही, जिनके प्रयासों से नाबालिग बालिका को सुरक्षित परिजनों तक पहुंचाया जा सका।

# सैनानी सदन में युवा कांग्रेस के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का हुआ सम्मान



हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज

नगर के ढाल बाजार स्थित सैनानी सदन पर युवा कांग्रेस के नवनिर्वाचित पदाधिकारियो का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कांग्रेस में ऐसा पहली बार देखने को मिला कि कांग्रेस के पदाधिकारियो का जगह जगह सम्मान हो रहा है। वही ऐसा प्रतीत होता है कि युवा कांग्रेस की जो नई टीम बनी है उसे एकता की भावना देखी जा रही है। मध्यप्रदेश युवा कांग्रेस के सचिव अतीक मंसूरी का कहना है कि हम बहुत जल्द हमारे नेता राहुल गांधी के सपनो को सकार करेगें और समाज में रहकर रचनात्मक कार्यो से जुडकर युवाओ को नई ऊर्जा देकर समाज हित में युवाओं को आगे बडाने का कार्य जाएगा। इस मौके पर मध्यप्रदेश युवा कांग्रेस के सचिव अतीक मंसूरी, युवा कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष अभिषेक करोसिया, जिला महासचिव महेश केवट, ब्लॉक अध्यक्ष अनिरूद्ध आदि रहे मौजूद।

# एसआईआर प्रक्रिया में तकनीकि खामियों को दूर किया जाएः बोहत

**सिरोंज।** मध्य प्रदेश में चल रही स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन एसआईआर प्रक्रिया पूरी तरह अव्यवस्थित हो गई है। संपूर्ण प्रदेश के सभी 55 जिलों में सर्वर ठप,फॉर्मों की कमी, अपूर्ण तैयारी और डेटा अपडेट में भारी गड़बड़ियों के कारण कार्य प्रभावित है। समाचार के मुताबिक चुनाव आयोग द्वारा शुरू की गई इस विशेष मतदाता सूची संशोधन प्रक्रिया में अब तक न तो नए फॉर्म उपलब्ध हैं, न अपडेटेड मतदाता सूची जिलों तक पहुँची है। यहाँ तक कि आयोग की वेबसाइट भी कई स्थानों पर नहीं खुल रही। जिससे बीएलओ (मतदान केंद्र प्रभारी) को डाटा भरने में भारी कठिनाइयां हो रही हैं।

रिपोर्ट में यह भी बताया गया कि बीएलओ ऐप सही से काम नहीं कर रहा, कई जिलों में 40 प्रतिशत तक के वोटर डेटा में त्रुटियां, और 2003 की पुरानी मतदाता सूची अब भी उपयोग में लाई जा रही है। इससे मतदाता पंजीकरण और नाम सुधार दोनों प्रक्रियाएं ठप हो गई हैं।

# 10 घंटे लगातार बिजली की मांग को लेकर किसानों ने किया प्रदर्शन



**सिरोंज।** बुधवार को किसान कांग्रेस नेता सुरेन्द्र रघुवंशी के नेतृत्व में दर्जनो किसानो ने 10 घंटे लगातार बिजली की मांग को लेकर बिजली घर पहुचकर प्रदर्शन किया। इस अवसर पर किसान नेता सुरेंद्र रघुवंशी ने बिजली विभाग एई राजीव रंजन से कहा कि मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री माइक पर और सभाओं में घोषणा कर रहे हैं कि किसानों को लगातार 10 घंटे खेतों में सिंचाई के लिए बिजली दी जाएगी। वहीं दूसरी और उनके ही प्रदेश स्तर के अधिकारी आदेश निकल रहे हैं कि किसानों को 10 घंटे से ज्यादा बिजली दिए जाने वाले अधिकारियों को दंडित किया जाएगा। जबकि हालत यह है कि किसानों को दिन और रात में मिलाकर मुश्किल से 6 घंटे बिजली मिल पा रही है। उन्होने कहा कि किसान इस आदेश के बाद पेन और डायरी लेकर खेतों पर बैठे हुए हैं और कितनी बिजली मिल रही है इसका लेखा-जोखा रख रहे हैं। वही मुख्यमंत्री के कथन अनुसार लगातार 10 घंटे बिजली की मांग किसानों ने विद्युत मंडल के अधिकारी से की है और शीघ्र ही इसको लागू करने का भी अनुरोध किया। गौरतलब है कि सिरोंज क्षेत्र में ग्रामीण फीडर के तार और खंबे पिछले 25 साल से नहीं बदले गए हैं और सिंचाई के समय पर अक्सर तार टूटने की घटनाएं होती हैं। जिसके कारण विद्युत आपूर्ति में घंटो का विलंब होता है। वही किसानों ने कहा कि यदि शीघ्र ही 10 घंटे दिन में लगातार बिजली नहीं दी गई तो किसान आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। इस मौके पर किसान चैन सिंह,रवि भावसार,शैलेंद्र कादिर,मोइस,अयाज,रवि यादव,उमर आदि किसान मौजूद थे।

## सामूहिक अवकाश लेकर सीएमएचओ कार्यालय पहुंचे जिलेभार के सीएचओ ने दी कड़ी चेतावनी

# 3 दिन का अल्टीमेटमः समस्याएं हल नहीं हुई तो ऑनलाइन काम बंद कर देंगे जिलेभर के सीएचओ



हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

समय पर वेतन न मिलने, महीनों तक पीबीआई का भुगतान न होने और मनमाने तरीके से वेतन कटौती के विरोध में बुधवार को जिलेभर के 190 सीएचओ ने मोर्चा खोल दिया। सीएमएचओ डॉ. रामहित कुमार को ज्ञापन देने पहुंचे सीएचओ 6 घंटे तक सीएमएचओ का इंतजार करते रहे। इसके बाद सभी ने डॉक्टर पुनीत माहेश्वरी को ज्ञापन सौंपा।

सीएचओ संघ के जिलाध्यक्ष डॉक्टर सुरेंद्र किरार ने चेतावनी दी है कि यदि 3 दिन के भीतर उनकी समस्याओं का समाधान नहीं किया गया तो ऑनलाइन काम बंद कर देंगे। ज्ञापन में मांग की गई है कि सार्थक उपस्थिति के आधार पर काटी गई सैलरी का पूर्ण रूप से भुगतान किया जाए। क्योंकि कई तकनीकि कारणों के चलते सार्थक आईडी विकास खंड द्वारा नहीं बनाई गई या विलम्ब से बनाई गई तथा नेटवर्क की समस्या होने के कारण कई सीएचओ द्वारा उपस्थिति समय रहते दर्ज नहीं हो सकी इन समस्त दिवसों का पूर्ण भुगतान किया जाए।

समस्त सीएचओ की सैलरी तथा पीबीआई का भुगतान प्रतिमाह समय से किया जाए। आयुष्मान आरोग्य मंदिर पर दवाईयां इंडेन के उपरांत दवाईओं के परिवहन की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। ताकि ओपीडी का संचालान सुचारु रूप किया जा सके नियमित टीकाकरण के लिए वैकल्पिक व्यवस्था की जाए।

## कलेक्टर ने लिया शासकीय योजनाओं का जायजा

**विदिशा।** कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने बुधवार को बासौदा एवं कुरवाई तहसील के ग्राम पचमा, गमाकर, बरेठ, कुल्हार, भालबमौरा और भक्ति का निरीक्षण कर शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा की। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना, मनरेगा, स्वच्छ भारत मिशन, किसान सम्मान निधि और लाडली बहना योजना के लाभार्थियों से संवाद कर भुगतान की जानकारी ली। अधिकारियों को निर्देश दिए कि पात्र हितग्राहियों को समय पर लाभ मिले तथा किसी भी स्तर पर लापरवाही न हो। ग्राम पंचायतों में पंजीयों का अवलोकन करते हुए उन्होंने राजस्व वृद्धि के लिए व्यावसायिक दुकानों का निर्माण कर किराये पर देने के सुझाव दिए।

# जाट महासभा की बैठक में विदिशा के लाखन सिंह जाट को सौंपा संगठन महामंत्री का दायित्व

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा



इंदौर में अखिल भारतीय जाट महासभा मध्य प्रदेश की बैठक मालवा क्षेत्र के जिला अध्यक्षों, प्रदेश अध्यक्ष विलास पटेल एवं राष्ट्रीय सचिव राजेंद्र सिंह चाहर की उपस्थिति में संपन्न हुई।

कार्यक्रम की शुरुआत लोकदेवता सत्यवादी वीर तेजाजी महाराज के चित्र पर माल्यार्पण, दीप प्रज्वलन और आरती से हुई। बैठक में कृषि के साथ व्यवसाय को प्रोत्साहन, मृत्यु भोज में संयम, शिक्षा पर बल, नशामुक्ति एवं डिजिटल निमंत्रण स्वीकार करने जैसे महत्वपूर्ण प्रस्ताव पारित किए गए। इस अवसर पर विदिशा जिले के अध्यक्ष और समाजसेवी लाखन सिंह जाट का विशेष सम्मान किया गया तथा उन्हें अखिल भारतीय जाट महासभा मध्य प्रदेश का संगठन महामंत्री नियुक्त किया गया।

# कलेक्टर गुप्ता ने गमाकर कामधेनु गौशाला में नवाचारों का अवलोकन किया



हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने बुधवार को ग्राम गमाकर स्थित कामधेनु गौशाला कनक बिहारी धाम का निरीक्षण कर गौ-प्रबंधन के क्षेत्र में किए जा रहे नवाचारों की सराहना की। गौशाला संचालक कमलेश रघुवंशी ने कलेक्टर को गोबर से जैविक खाद, गौमूत्र से कीटनाशक और अन्य उत्पाद निर्माण की जानकारी दी। कलेक्टर ने कहा कि ऐसे नवाचार अन्य गौशालाओं के लिए अनुकरणीय हैं और आत्मनिर्भर ग्रामीण अर्थव्यवस्था की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं। उन्होंने सतत सुधार और स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। भ्रमण के दौरान कलेक्टर ने ग्राम की एकीकृत माध्यमिक शाला में पीएम पोषण भोजन कार्यक्रम की व्यवस्था का निरीक्षण किया। परियोजना अधिकारी कृति चौहान ने बताया कि जिले में कार्यक्रम से संबंधित समस्त जानकारी ऑनलाइन पोर्टल पर दर्ज की जा रही है। कलेक्टर ने स्वयं भी निरीक्षण की जानकारी ऑनलाइन समर्पित की और कार्यों की सराहना की। उन्होंने भोजन बनाने वाली महिलाओं से चर्चा कर उनकी समस्याएँ जानीं तथा सभी रसोइयों को परिचय पत्र जारी करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ ओ.पी. सनोदिया, बासौदा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

■ गौमूत्र से कीटनाशक और अन्य उत्पाद की जानकारी दी।

## इफको द्वारा धरती माता बचाओ अभियान अंतर्गत नैनो उर्वरक संगोष्ठी आयोजित



**विदिशा।** सहकारी संस्था इफको द्वारा "धरती माता बचाओ अभियान के तहत नैनो उर्वरक उपयोग संगोष्ठी आयोजित की गई। कार्यक्रम में राज्य विपणन प्रबंधक डॉ. डी.के. सोलंकी ने रासायनिक उर्वरकों के दुष्प्रभाव और नैनो उर्वरक, जैव उर्वरक एवं जैविक खाद के लाभों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि नैनो उर्वरकों के प्रयोग से 50% तक दानेदार डीएपी और यूरिया की बचत संभव है। इफको विदिशा के क्षेत्रीय प्रबंधक कुमार मनेन्द्र ने नैनो डीएपी एवं नैनो यूरिया के उपयोग की तकनीक समझाई। जिला विपणन अधिकारी राखी रघुवंशी ने नैनो उर्वरकों के प्रसार पर बल दिया।

## ग्राम जरगुवा में जागरुकता शिविर आयोजित




**कुरवाई।** न्यायोत्सव विधिक सेवा सप्ताह के तहत ग्राम पंचायत जरगुवा में विधिक जागरूकता एवं साक्षरता शिविर आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश विदिशा के निर्देश पर कुरवाई तहसील विधिक सेवा समिति द्वारा आयोजित हुआ। निशा कुरील, व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खंड कुरवाई की उपस्थिति में ग्रामीणों को संविधान के मूल अधिकार-कर्तव्यों, शिक्षा का अधिकार, निःशुल्क विधिक सहायता, नालसा हेल्पलाइन 15100, बाल संरक्षण अधिनियम 2012 तथा यातायात नियमों की जानकारी दी गई। अधिवक्ताओं एनके नामदेव, कैलाश साहू, मोना अहिरवार, ऋतु राजपूत एवं हिमांशु जैन ने सरल भाषा में कानूनी जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन अधिवक्ता कैलाश साहू ने किया।

# अपना घर आश्रम में 6 माह बाद मां-बेटे का मिलन

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

अपना घर आश्रम में छह माह पूर्व बिछड़े मां-बेटे का भावनात्मक मिलन हुआ। आश्रम के दिशा-निर्देश पर यह 73वां पुनर्वास संपन्न हुआ।

रायसेन जिले के सिलवानी निवासी सुमित कमलेश को परिवारजन मानसिक अस्वस्थता के चलते भोपाल एम्स में उपचार हेतु ले गए थे, जहां से वह अचानक लापता हो गए। बाद में उन्हें रतनपुर क्षेत्र से रेस्क्यू कर विदिशा के अपना घर आश्रम लाया गया। आश्रम में सेवा और उपचार के पश्चात सुमित की स्थिति में सुधार हुआ। केयरटेकर जीतेन्द्र कुमार व सोहेल अहमद ने सुमित से बातचीत कर उनके परिवार का सुराग निकाला और संपर्क किया। सूचना मिलते ही परिवारजन मां कमला बाई, भाई अनिल कुशवाह, दोस्त गोपाल, बालमुकुंद व अन्य रिश्तेदार खुशी से आश्रम पहुंचे। मां-बेटे के मिलन का भावुक दृश्य देखकर सभी की आंखें नम हो गईं। मां ने कहा अगर आश्रम से फोन नहीं आता तो हम अपने बेटे को खो चुके थे। परिवार ने आश्रम प्रबंधन डा. जीके माहेश्वरी, जीएस चौहान, घनश्याम डागा, दीपक माहेश्वरी एवं सोहेल अहमद बबलू का आभार जताया। उल्लेखनीय है कि अपना घर आश्रम में मानसिक रूप से अस्वस्थ, असहाय और बेसहारा जनों की सेवा कर उन्हें स्वस्थ होने पर परिवार से मिलाया जाता है।



# नरवाई प्रबंधन अभियान बनी एक मुहिम

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

कलेक्टर अंशुल गुप्ता द्वारा विदिशा जिले में चलाई जा रही नरवाई प्रबंधन जागरूकता की मुहिम अब प्रत्येक ग्राम तक पहुंच रही है। विकासखंड नटेरन के ग्राम खैराई में एसडीएम अजय प्रताप सिंह पटेल के मार्गदर्शन में आज ग्राम के प्रगतिशील किसान अरविंद रघुवंशी द्वारा अपने 5 हेक्टेयर के धान के खेत में रोटावेटर से पराली प्रबंधन की शुरुआत की गई। किसान अरविंद रघुवंशी द्वारा बताया गया कि खरीफ वर्ष 2025 में हुए विकसित कृषि संकल्प अभियान के समय मृदा स्वास्थ्य के विषय में कृषि वैज्ञानिकों द्वारा दी गई विस्तृत जानकारी एवं समय समय पर ग्राम पंचायत में हुए नरवाई प्रबन्धन जागरूकता अभियान के अंतर्गत मिली जानकारी को दृष्टिगत रखते हुए अपने खेत में धान की फसल की पराली को जलाने से बेहतर उसे खाद के रूप में रोटावेटर की सहायता से खेत में मिलाने की क्रिया को समय पर पूर्ण करा लिया जाएगा।

### पराली का होगा गांव में ही निःशुल्क प्रदाय

किसान अरविंद द्वारा ये भी जानकारी दी गई कि उनके धान के खेत में निकली नरवाई के भूसे को ग्राम के गौपालकों के लिए निःशुल्क प्रदाय किया जाएगा, उनके द्वारा इस मुहिम का अनुविभागीय अधिकारी एवं कृषि विभाग नटेरन द्वारा भी सराहना की गई। तहसीलदार नटेरन आनंद जैन द्वारा किसानों से नरवाई न जलाने एवं प्रबंधन हेतु नवीन कृषि यंत्रों के उपयोग करने के बारे में जानकारी दी गई।

## शहर में आए दिन हो रही चोरी और मारपीट की वारदातें, पुलिस के हाथ खाली

# सवालों के कटघरे में पुलिस, नहीं सुलझा पा रही शहर में होती वारदातों की 'गुत्थी'

### बीते 6 नवंबर को युवक से हुई लूट की घटना पर अब तक नहीं कार्रवाई

**पुलिस ने भी स्वीकारा - कोतवाली थाने में आएदिन बाइक चोरी के मामले आ रहे हैं, 2 पर एफआईआर दर्ज कर ली है और अन्य 3 आवेदनों में जांच जारी है**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

शहर में इन दिनों चोरी और मारपीट की घटना एक आम बात सी होती जा रही है। जहां चोरों में पुलिस का खौफ होना चाहिए, लेकिन इसके विपरीत इन घटनाओं को देखकर ऐसा होता है कि पुलिस और चोरों में सांठगांठ बनी हो। जब पीड़ित फरियादी अपनी समस्या को लेकर थाना कोतवाली पहुंचता है तो वहां न उससे सीधे बात की जाती है और न ही उसकी समस्या पर ध्यान दिया जाता है। कई गंभीर मामलों में भी पुलिस द्वारा सिर्फ आवेदन लेकर रख लिए जाते हैं, जिन्हें कभी वापस उठाकर नहीं देखा जाता।

सूत्रों ने बताया कि थाने में आ रहे आवेदनों में एफआईआर दर्ज न करके सिर्फ राजीनामा कराने में ज्यादा दिलचस्पी दिखाई जा रही है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि शहर में आये दिन एक दो बाइक चोरी के मामले थाने में आ रहे हैं। बाइक चोरी के दो मामलों में एफआईआर दर्ज कर ली गई है। 3 अन्य बाइक चोरी के आवेदन भी आए है, जिन पर कार्रवाई की जा रही हैं।

#### आपराधी हो रहे बेखौफ

शहर में चोरी, मारपीट, लूटपाट जैसी घटनाएं धीरे धीरे बड़ा रूप लेती जा रही हैं, जिन्हें देखकर लगता है अब आपराधियों में पुलिस का डर नहीं बचा है। इन घटनाओं से न केवल पुलिस की छवि धूमिल हो रही, बल्कि लोगों का पुलिस से भरोसा उठता हुआ भी नजर आ रहा है। आपराधी बिना डर के वारदातों को अंजाम देने से बाज नहीं आ रहे है।

#### पुलिस की कार्यशैली पर उठ रहे सवाल




#### आए दिन हो रहा थाने का घेराव

पुलिस द्वारा अपना दायित्व का पालन सुचारू रूप से न कर पाने के कारण शहर में घटनाएं बड़ा रूप लेती जा रही हैं। बीते दिनों जिला मुख्यालय के निकटवर्ती ग्राम पठारी में गोलीकांड जैसा बड़ा मामला सामने आया, दूसरे बार हुए इस गोलीकांड में अगर पुलिस मामले में पहले ही कार्रवाई कर लेती तो आज एक घर का चिराग बुझने से बच जाता। वहीं दूसरे मामले में बीते 7 नवंबर को थाने में दिए अपहरण और लूट के आवेदन में पुलिस द्वारा आज दिनांक तक कोई पुख्ता कार्रवाई नहीं कर सकी, जिससे पुलिस की छवि पर सवाल उठ रहे हैं। कार्रवाई नहीं होने से गुस्साए लोग थाने का घेराव करते नजर आ रहे हैं।

#### आपराधिक घटनाएं बढ़ती जा रहीं

जहां पुलिस का कार्य लोगों में समंजस्य बनाना और आपराधियों पर पैनी नजर रखकर उनकर कार्रवाई करना है। वहीं इसके विपरीत थाना कोतवाली पुलिस की कार्यशैली संदेश के घेरे में बनी हुई है। कभी बड़े नेताओं की आयो भगत और खातिरदारी में पुलिस हमेशा ही उलझी रहती है। जिससे आपराधिक घटनाएं बढ़ती जा रहीं है और आपराधियों से पुलिस का डर समाप्त होता नजर आ रहा है।

#### पुलिस की मनमानी

सूत्रों के अनुसार पुलिस महकमें के नगर निरीक्षक महोदय इस समय इतने ज्यादा व्यस्त रहते हैं कि वह मीडिया कर्मियों के फोन उठाना भी मुनासिब नहीं समझते। अधिकतर शाम के समय टीआई साहब का मोबाइल स्वीच ऑफ ही बताता है, जिससे मीडिया को जानकारी लेने में काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ता है।

थाने में जब कभी फरियादी थाने में आवेदन लेकर पहुंचता भी है तो उसे घंटों थाने में बिठाकर रखा जाता है, जैसे कि वह कोई फरियादी न होकर आरोपी है।

#### बाइक चोरी की घटनाएं

01 बीते शनिवार देर रात को अस्पताल से बाइक चोरी।

02 बीते 7 नवंबर को पुराने तहसील मोहल्ला में बाइक चोरी की वारदात

03 बीते 4 नवंबर को वार्ड 3 में बाइक चोरी।

04 शहर के गंजबाजार से बाइक चोरी का मामला।

#### मारपीट की घटनाएं...

01 बीते सप्ताह ग्राम सिलपुरी में दो पक्षों में खूनी संघर्ष

02 11 नवंबर को पाटनदेव क्षेत्र में दो परिवार में संघर्ष, 4 लोग घायल

03 ग्राम मुड़ियाखेड़ा में एक युवक से रास्ते में रोककर आरोपियों ने लूटपाट की।

#### इनका कहना है

लूट का मामला मेरे संज्ञान में नहीं है, यदि फिर भी ऐसी घटना हुई है तो हम कार्रवाई करेंगे।
**पंकज पांडे, एसपी रायसेन**

#### एक सप्ताह बाद भी पुलिस ने नहीं की कोई कार्रवाई

एक फरियादी प्रमोद मालवीय ने बताया कि मेरा भाई नीलेश मालवीय पिता देवकिशन निवासी पटेल नगर रायसेन को बीते 06 नवंबर को एक युवक विशाल मालवीय द्वारा षड़यंत्र पूर्वक ग्राम मेहगांव में काम कराने के बहाने ले गया था, लेकिन जब शाम को मेरा भाई घर नहीं आया तो हमने पूरी रात तलाश की, लेकिन उसका कुछ पता नहीं चल सका। दूसरे दिन युवक नीलेश विदिशा बस स्टैंड के पास गंभीर अवस्था में मिला और उसके पास न तो उसका मोबाइल तथा नगदी रुपए एवं बाइक थी। पूछने पर उसने बताया कि साथियों द्वारा लूट कर भाग गए। हमारे द्वारा मामले के संबंध में थाना कोतवाली रायसेन में आवेदन दिया, लेकिन आज दिनांक तक पुलिस द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गई। लगातार 6 दिन से हम लोग पुलिस थाने के चक्कर लगा रहे हैं।

हमारे द्वारा केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान, भाजपा जिला अध्यक्ष राकेश शर्मा एवं जिला पंचायत अध्यक्ष यशवंत बब्लू मीणा को भी आवेदन दिया था। जिसके बाद पुलिस कुछ हरकत में आई, तब जाकर आरोपी विशाल मालवीय, अभिषेक मालवीय और राधे को पूछताछ के लिए थाने लेकर आए, लेकिन एक दिन बिना कार्रवाई के तीनों को छोड़ दिया गया। आज बुधवार को जब हम थाना पहुंचे तो पुलिस द्वारा हमें यहां से विदिशा में रिपोर्ट दर्ज कराने की बोलकर पल्ला झाड़ लिया गया।

#### पीड़ित ने बताया

मुझे विशाल मालवीय द्वारा 6 नवंबर को काम के बहाने से मेहगांव लेकर गए, जहां से कुछ सामान लेने की बात कह कर विदिशा लेकर पहुंचे। जहां उसने पहले से योजना अनुसार अपने दो अन्य साथियों को बुलाकर रखा था, जिन्होंने मुझे जबरदस्ती शराब पिलाई, जिसके बाद मेरे साथ मारपीट कर मुझे बेहोश करके मेरी बाइक क्रमांक बाइक एमपी 38 जेडएफ 0393 और एक मोबाइल व कुछ नगदी रुपए लेकर भाग गए।

---

**36 घंटे बाद भी पुलिस के हाथ नहीं लगा कोई सुराग, जांच में जुटी**

## उदयगिरि में संदिग्ध अवस्था में मिली एक युवक की लाश



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

तहसील के ग्राम उदयगिरि में अपने ही घर में मृत अवस्था में मिले मृतक दिलीप मेहरा 40 वर्ष की संदिग्ध अवस्था में मिली लाश को 36 घंटे से अधिक समय का समय बीत चुका है लेकिन पुलिस को हत्या को लेकर कोई भी अहम सुराग हाथ नहीं लगा है।

हालांकि घटना के बाद से ही पुलिस के द्वारा इस घटना को लेकर बारीकी से जांच की जा रही है। 11 नवंबर की दोपहर लगभग 2 बजे दिलीप मेहरा की किसी अज्ञात के द्वारा सर पर हमला कर हत्या कर दी है। घटना के बाद से लेकर अभी तक पुलिस के द्वारा की जाने वाली जांच के दौरान हत्या को लेकर कोई अहम सुराग हाथ नहीं लगा है।

वहीं दूसरी ओर थाना प्रभारी कपिल गुप्ता का कहना है कि जहां मृतक के माता-पिता और भाई खेत में रहते थे वहीं मृतक अकेला घर में रहता था, अभी तक की जांच में मृतक के ऊपर किसी प्रकार का कोई कर्ज या चारित्रिक संदेह को लेकर जानकारी नहीं लगी है। उन्होंने बताया कि मृतक मोबाइल का भी इस्तेमाल नहीं करता था। हालांकि पुलिस द्वारा युवक की हत्या को लेकर बारीकी से जांच की जा रही है। पुलिस द्वारा जल्द ही घटना का खुलासा किया जाएगा।

## रस्साकस्सी, चम्मच और कुर्सी दौड़ में बच्चों ने दिखाया दम

**सिलवानी।** विदिशा संसदीय क्षेत्र के सिलवानी विधानसभा के ग्रामों में में सांसद खेल महोत्सव का आयोजन किया। यह महोत्सव केवल एक प्रतियोगिता नहीं, बल्कि ग्रामीण प्रतिभाओं को मंच देने प्रोत्साहित करने का एक महाअभियान बन गया है। ग्राम देवरी हतनापुर और खमेरा में रस्साकस्सी, चम्मच दौड़ और कुर्सी दौड़ जैसी पारंपरिक खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। बच्चों एवं ग्रामीण प्रतिभागियों ने जोश और जुनून के साथ इन खेलों में हिस्सा लिया।

---

### खबर संक्षेप

#### 29 व 30 नवंबर को बोधि महोत्सव का आयोजन

**रायसेन।** विश्व प्रसिद्ध नगरी सांची में आगामी 29 से 30 नवंबर को दो दिवसीय बोधि महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। यह महोत्सव अस्थि कलश थाईलैंड भेजने के बाद पहला महाबोधि महोत्सव है। इस वर्ष श्रीलंका के हाई कमिश्नर और एक विशेष डांस ग्रुप भी इसमें शामिल होगा। पूजन के लिए श्रीलंका से विशेष सामग्री मंगाई जा रही है। महाबोधि सोसायटी के स्वामी विमल तिस्स थेरो ने बताया कि श्रीलंका, जापान, वियतनाम और थाईलैंड सहित कई देशों के मेहमानों को आमंत्रित किया है। महोत्सव की शुरुआत 29 नवंबर को महाबोधि सोसाइटी से शोभायात्रा के साथ होगी। यह शोभायात्रा सांची के मुख्य मार्ग से होते हुए स्तूप परिसर स्थित चैत्यागिरी विहार मंदिर पहुंचेगी। चैत्यागिरी विहार के तलघर में भगवान बुद्ध के परम शिष्य सारिपुत्र और महामोदग्लायन के पवित्र अस्थि कलश रखे हैं। बुद्ध महोत्सव के दौरान ये अस्थि कलश दो दिनों के लिए श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ रखे जाते हैं।

## आतंकी हमले के विरोध में निकाला कैंडल मार्च

### आतंकवाद पर प्रभावी कार्रवाई की मांग




हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

देश की राजधानी दिल्ली में 10 नवंबर की शाम हुए आतंकी हमले के विरोध में नगर में परशुराम सेना एवं शिवाय समिति के द्वारा आतंकवाद का विरोध करते हुए कैंडल मार्च निकाला और हमले में मारे जाने वाले लोगों को श्रद्धांजलि दी।

कार्यक्रम में परशुराम सेना के मनमोहन शर्मा, शिवांष दुबे, विपिन व्यास, वीरू शर्मा, अबतशं पालीवाल, रामकुमार उपाध्याय, विनोद शर्मा, शिवम ठाकुर, अंकित राय, पलाश वर्मा सहित बड़ी संख्या में युवा मौजूद रहे।

#### आतंकवाद के खिलाफ नारेबाजी-

नगर के माता महाकाली दरबार से प्रारंभ होकर पिपरिया तिराहा शहीद स्मारक पहुंचे कैडिल मार्च में बड़ी संख्या में युवा और नागरिक शामिल हुए। पाकिस्तान और आतंकवाद के खिलाफ जमकर नारे लगाते हुए आतंकवाद के खिलाफ प्रभावी कार्यवाही की मांग की गई।

## नगर में कुत्तों की दहशत, अब मवेशियों को बना रहे शिकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

शनिवार से नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र में कुत्तों का आतंक भय बना हुआ है। नगर और ग्रामों के बाद कुत्तों के झुंड अब नगर के विभिन्न हिस्सों में छोटी बड़ी मवेशियों को काटने जख्मी करने की तेजी से बढ़ती घटनाओं के कारण कुत्तों से दूर भागने और कुत्ता काटने की चर्चाएं हो रही हैं।

आवारा कुत्तों और मवेशी सडक़ों बाजारों में घूमने धमा चौकड़ी मचाने रहते हैं।जो नगर एवं क्षेत्र की बड़ी समस्या बनी हुई है।नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र में छुट्टा आवारा मवेशियों की समस्या से ग्रामीण किसान सडक़ों पर वाहन चलाने वाले और दुकानदार भारी परेशान बने हुए हैं। अब चार-पांच दिनों से नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र में कुत्तों द्वारा काटने की घटनाएं में 40 से अधिक लोग शिकार और जख्मी हो चुके हैं। कुत्तों द्वारा काटने की बढ़ती घटनाओं के बीच कुत्तों ने मवेशी बकरियों पर भी हमला शुरू कर दिया है।



फोटो। सड़कों व बाजारों में मवेशियों के झुंड।

निरंतर अत्यधिक सर्दी का मौसम बना हुआ है दिन छोटे और रात बड़ी हो रही है रात में 11, 12 बजे के बाद जब सुनसान हो जाता है, तो कुत्तों के झुंड सक्रिय हो जाते हैं।

#### बच्चों व मवेशी पर कर रहे हमला

सडक़ों पर घूमने वाली मवेशियों लोगों की गौशालाओं में कुत्ता अचानक घुसकर बंधी मवेशी कम उम्र के मवेशियों पर हमला कर घायल जख्मी करने लगे हैं। पिछले अनेक दिनों से नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र में कुत्ता काटने से पीड़ित जख्मी मवेशी चिकित्सालय में उपचार कराने पहुंच रहे हैं नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र में कुत्तों का आतंक भय बना नजर आ रहा है।

**डीजे, ढोल-नगाड़ों के बीच निकाली शाही सवारी**

## सांचेत में मनाया बाबा काल भैरव का जन्मोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

ग्राम सांचेत में स्थित काल भैरव नाना सरकार धाम में बुधवार को काल भैरव अष्टमी के अवसर पर बाबा काल भैरव के प्रकटोत्सव को धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर कस्बा सांचेत में भगवान काल भैरव नगर भ्रमण पर शाही सवारी पालकी में सवार होकर निकले।

इस शोभायात्रा में हजारों की संख्या में भक्त शामिल हुए। बुधवार को दोपहर 12 बजे से शुरू हुई यह शोभायात्रा सांचेत के प्रमुख मार्गों से निकाली गई। इस शोभायात्रा में हजारों की संख्या में श्रद्धालु देश के कोने कोने से हुए शामिल। शोभायात्रा के बाद नगर भंडारा



कराया गया। वहीं प्रदेश की प्रख्यात भजन गायिका शहनाज अख्तर भी देर रात तक भजन संध्या कार्यक्रम में भजनों की प्रस्तुति देती रहीं।

## यज्ञ पूर्णाहुति कलश स्थापना व महा भंडारे के साथ कथा का समापन

**बाड़ी।** सात दिवसीय महोत्सव का बुधवार को समापन हुआ। यज्ञ महाराज को सामूहिक आहुति के समय नगर खड़ा दिखाई दिया। श्रीमद् भागवत कथा का समापन हुआ मां खेड़ापति धाम पर कलश स्थापित किया गया, लोगों ने धर्म महोत्सव में शामिल होकर श्रीमद् भागवत कथा को श्रवण किया श्रोता और वक्ताओं के बीच अटूट बंधन का रिश्ता देखा गया। यह आयोजन के मुख्य सचेतक आचार्य शास्त्री पं. संजय जी शर्मा ने अपने त्याग तपस्या की अटूट भक्ति को अपने जीवन का आधार बनाया खेड़ापति धाम चतुर्थ मास भक्ति आराधना और संकल्प के रूप में आराधना की सीमा क्षेत्र का पालन व्रत पूर्ण होने पर उन्होंने खेड़ापति धाम पर धर्म यज्ञ धार्मिक आयोजन का संकल्प लिया और उसे पूर्ण किया मां खेड़ापति धाम पर धार्मिक महोत्सव में खेड़ापति धाम पर प्रथम श्री लक्ष्मीनारायण महायज्ञ, धर्म भजन संध्या, श्रीमद् भागवत कथा के भक्ति रंग में पूरा नगर डूबा रहा।

## फसल कटाई के बाद अब थ्रेसिंग करने में तेजी से जुटे किसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दीवानगंज

क्षेत्र के अंबाडी, सेमरा, नरखेड़ा, जमुनिया, निनोद, बरजोरपुर, सरार, कयामपुर, संग्रामपुर, बरजोरपुर, दहीडा, खोह, करैया सहित कई गांवों में फसलों की कटाई शुरू हो गई है। कई किसान अपने खेत में कटी धान की फसल की थ्रेसिंग करने में जुट गए हैं।

नवंबर महीने से समर्थन मूल्य पर उपज खरीदी चालू हो गई है। कई किसान समर्थन मूल्य पर उपज बेचने की तैयारी में जुट गए हैं। क्षेत्र में कई किसान थ्रेसिंग का कार्य करते हुए नजर आ रहे हैं। क्षेत्र में कई जगह धान की फसल इस समय पककर पूरी तरह से तैयार हो गई है, वहीं किसानों ने अपने खेत में खड़ी फसलों को काटना शुरु कर दिया है। कुछ किसान शासकीय खरीदी शुरू



होने से पहले ही उपज मंडी में बेचने की तैयारी भी कर रहे हैं।

कृषक नवल सिंह मीणा, मानसिंह लोधी, जसवंत सिंह लोधी ने बताया कि जिन किसानों ने पहले बोवनी कर दी थी वे किसान फसल की कटाई कर रहे हैं।हालांकि इस महीने लगभग सभी किसान अपनी फसलों की कटाई को पूरा कर लेंगे। ताकि समय पर अगली फसल की तैयारी की जा सके। किसान खेतों को खाली कर जुताई और बुवाई के लिए तैयार कर रहे हैं। मौसम अनुकूल होने से किसानों ने कटाई का काम तेज कर दिया है।

मजदूर नहीं मिलने पर पूरे परिवार के साथ किसान फसलों की थ्रेसिंग कर रहे हैं।

**बिजली बिल समाधान योजना, एकमुश्त भुगतान पर सरचार्ज माफ**

## उपभोक्ताओं को किस्तों में बकाया बिजली बिल जमा की राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

प्रदेश सरकार की बिजली बिल समाधान योजना 2025-26 के तहत रायसेन जिले के हजारों बिजली उपभोक्ताओं को बिलों में राहत मिलने जा रही है।

योजना में शामिल होने के लिए पंजीकरण जरूरी है। उपभोक्ता अपने नजदीकी बिजली वितरण केंद्र या अनुविभागीय कार्यालय में जाकर फॉर्म भर सकते हैं। ऑनलाइन पंजीकरण के लिए मध्यप्रदेश विद्युत वितरण कंपनी की वेबसाइट पर प्रदेश सरकार की बिजली बिल समाधान योजना 2025-26 के तहत रायसेन जिले के हजारों उपभोक्ताओं को बड़ी राहत मिलने जा रही है।

राज्यभर में घरेलू और कृषि वर्ग के 92 लाख उपभोक्ताओं पर करीब 3 हजार करोड़ रुपये का बकाया है। इसमें जिले के करीब 1.25 लाख उपभोक्ता शामिल हैं, जो समय पर बिल भुगतान न कर पाने के कारण पेनाल्टी और ब्याज से जूझ रहे हैं। योजना के पहले चरण (3 नवंबर से 31 दिसंबर) में जो




उपभोक्ता अपना पूरा बकाया एकमुश्त जमा करेंगे, उन्हें 100 प्रतिशत सरचार्ज माफी मिलेगी। यानी केवल मूल बिल राशि का भुगतान करना होगा। दूसरे चरण (1 जनवरी से 28 फरवरी 2026) में यह राहत घटकर 90 प्रतिशत हो जाएगी। जनवरी के बाद भुगतान करने वालों को 10 प्रतिशत सरचार्ज देना होगा। एकमुश्त भुगतान न कर पाने वाले उपभोक्ता किस्तों में भी बिल चुकाकर राहत पा सकते हैं। पहले चरण में किस्तों पर 70 प्रतिशत, दूसरे चरण में 60 प्रतिशत सरचार्ज माफी मिलेगी। हालांकि, दो लगातार किस्तें न भरने पर योजना से बाहर कर दिया जाएगा और पूरी पेनाल्टी फिर से जुड़ जाएगी।

विद्युत विभाग के अनुसार जिले में सबसे अधिक बकाया बरेली, उदयपुरा, बाड़ी, रायसेन बेगमगंज क्षेत्र के घरेलू एवं कृषि उपभोक्ताओं पर है। लंबे समय से बकाया रहने से कई उपभोक्ताओं के कनेक्शन भी काटे जा चुके हैं। योजना से उन्हें योजना से उन्हें राहत मिलने की उम्मीद है।

बिजली कंपनी के अधिकारी अंकित जैन, सिटी जेई प्रांजल शर्मा ने बताया कि यह समाधान योजना सीमित अवधि के लिए है। इसलिए बकाया बिजली बिल जितने जल्दी बिल भरेंगे उन्हें जल्दी फायदा मिलेगा। देरी करने पर फायदा कम मिलेगा। कंपनी की तरफ से गांव व कस्बों, तहसील मुख्यालय पर जागरूकता अभियान चलाकर शिविर में लगातार जानकारी दी जा रही है।

समाधान योजना के तहत सरचार्ज बिल माफी योजना में रायसेन शहर में बिजली उपभोक्ताओं की कुल संख्या 12405 हैं। बिल जमा 205 उपभोक्ताओं ने किए। उनसे सरचार्ज की 1 लाख 18 हजार 699 रुपये माफ हो चुके हैं। यह योजना 31 नवंबर तक चलेगी।